आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 गुरूवार 18.04.2024

मुख्य समाचारः–

1– छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत कल बस्तर सीट के लिए होगा मतदान–निर्वाचन आयोग ने सारी तैयारियां पूरी कीं–शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के पुख्ता बंदोबस्त किए गए।

2– बस्तर में कल होने वाले मतदान के लिए एक हजार नौ सौ इकसठ पोलिंग बूथ बनाए गए–करीब आठ हजार मतदानकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई।

3– प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत सात संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन जमा करने की कल अंतिम तिथि है–आज चौंसठ उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए।

4– भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तारीखें घोषित कर दी गई है।

पहला चरण मतदान–01

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र में कल उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। प्रदेश की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने आज रायपुर में एक पत्रकारवार्ता में बताया कि मतदान के लिए निर्वाचन आयोग ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। इसके साथ ही सभी संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस सीट पर ग्यारह उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। कांग्रेस ने कवासी लखमा को और भाजपा ने महेश कश्यप को उम्मीदवार बनाया है। इनके अलावा अन्य राजनीतिक दलों के उम्मीदवार तथा निर्दलीय प्रत्याशी भी चुनाव मैदान में हैं।

बस्तर संसदीय क्षेत्र के लिए मतदान का समय भी निर्धारित कर दिया गया है। इसके तहत कोण्डागांव, नारायणपुर, चित्रकोट, दंतेवाड़ा, बीजापुर और कोंटा विधानसभा क्षेत्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। वहीं, बस्तर विधानसभा क्षेत्र में सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। इसी तरह, जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के एक सौ पचहत्तर मतदान केन्द्रों में भी सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक और बहत्तर मतदान केन्द्रों में सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक मतदान होगा। मतदान के दिन कल कोंडागांव, नारायणपुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, बीजापुर और सुकमा जिले में सार्वजनिक तथा सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। वहीं, श्रम विभाग ने श्रमिकों के लिए भी सवैतनिक अवकाश घोषित किया है। चुनाव आयोग के निर्देश के तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र में मतदान समाप्त होने तक शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान मदिरा दुकानें बंद रहेंगी।

पहला चरण मतदान–02

बस्तर संसदीय क्षेत्र में इस बार एक हजार नौ सौ इकसठ मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें से इकसठ को संवेदनशील और एक सौ छियानवे मतदान केन्द्रों को अति–संवेदनशील घोषित किया गया है। मतदान के लिए सात हजार आठ सौ चवालीस मतदानकर्मियों को तैनात किया गया है। इसके अलावा दो हजार से अधिक कर्मचारियों को रिजर्व रखा गया है। बस्तर लोकसभा क्षेत्र के आठ सौ ग्यारह मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई है, जिसके माध्यम से निर्वाचन आयोग इन केन्द्रों पर नजर रखेगा।

इस संसदीय क्षेत्र के संवेदनशील और दूरस्थ इलाकों में एक सौ छप्पन मतदान दलों को हेलीकॉप्टर से रवाना किया गया है। बाकी अट्ठारह सौ पांच मतदान दलों को आज बस के

माध्यम से मतदान केन्द्रों तक पहुंचाया गया। बस्तर संसदीय क्षेत्र में कल होने वाले मतदान के लिए एक सौ इंक्यानवे संगवारी मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अलावा आठ मतदान केंन्द्रों का संचालन दिव्यांगजनों द्वारा और छत्तीस केन्द्रों का संचालन युवाओं द्वारा किया जाएगा। इसी तरह, बयालीस आदर्श मतदान केन्द्र बनाए गए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि बस्तर संसदीय क्षेत्र के प्रत्येक मतदान केन्द्र में मतदाता सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां मौजूद बीएलओ मतदाता सूची में उनका नाम और सरल क्रमांक ढूंढने में मदद करेंगे।

बस्तर में कल होने वाले मतदान की हर पल की गतिविधि पर नजर रखने के लिए रायपुर स्थित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। यहां आठ सौ ग्यारह मतदान केन्द्रों से लाइव वीडियो फीड मिलेगी। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले वेबकास्टिंग के जरिये मतदान प्रक्रिया पर नजर रखेंगी।

<u>मतदाता पहचान पत्र</u>

बस्तर लोकसभा सीट के लिए कल होने वाले चुनाव में कुल चौदह लाख बहत्तर हजार दो सौ सात मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। इनमें करीब सात लाख इकहत्तर हजार महिला मतदाता और लगभग सात लाख पुरूष मतदाता शामिल हैं। वहीं, तृतीय लिंग के बावन मतदाता भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को फोटोयुक्त पहचान पत्र जारी किए गए हैं। मतदाता अपना पहचान पत्र दिखाकर वोट डाल सकते हैं। उन्होंने बताया कि यदि कोई मतदाता अपने साथ इस पहचान पत्र को नहीं ला पाता है तो भी वह ड्राइविंग लाइसेंस, पासपोर्ट, आधार कार्ड, पैन कार्ड और बैंक पासबुक की फोटोकॉपी सहित बारह अन्य दस्तावेजों को दिखाकर भी अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकता है। वहीं, प्रवासी मतदाताओं को मतदान केंद्र पर अपना मूल पासपोर्ट दिखाने पर ही वोट डालने दिया जाएगा।

<u>आकाशवाणी–विशेष प्रसारण</u>

आकाशवाणी रायपुर के प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा कल उन्नीस को लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत बस्तर संसदीय क्षेत्र में होने वाले मतदान पर आधारित विशेष कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा। दस मिनट की अवधि का यह विशेष कार्यक्रम आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा कल रात आठ बजे से प्रसारित किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

<u>तीसरा चरण–नामांकन</u>

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के तहत रायपुर सहित सात संसदीय क्षेत्रों के लिए नामांकन जमा करने की कल अंतिम तिथि है। तीसरे चरण के लिए आज चौंसठ अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किए। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के अनुसार अब तक प्रदेश की सात लोकसभा सीटों के लिए एक सौ इक्कीस प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल हो चुके हैं।

आज सुरगुजा संसदीय क्षेत्र के लिए चार, रायगढ़ से छह, जांजगीर–चांपा सीट के लिए दस और बिलासपुर लोकसभा सीट के लिए आठ अभ्यर्थियों ने नामांकन जमा किए। वहीं, दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए नौ, रायपुर लोकसभा क्षेत्र के लिए पंद्रह और कोरबा लोकसभा सीट के लिए बारह उम्मीदवारों के नामांकन जमा किए गए।

आज भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बिलासपुर में पार्टी प्रत्याशी तोखन साहू और कोरबा से पार्टी उम्मीदवार सरोज पांडेय की नामांकन रैली में शामिल हुए।

उधर, जांजगीर–चांपा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर शिव डहरिया और रायगढ़ लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार डॉक्टर मेनका देवी सिंह ने अपना नामांकन जमा किया।

तीसरे चरण के तहत बीस अप्रैल को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। बाईस अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। तीसरे चरण में सात मई को वोट डाले जाएंगे।

भाजपा/कांग्रेस–सभा

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए राजनीतिक दलों का प्रचार अभियान अब अपने चरम पर पहुंचने लगा है। विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक लगातार जनसभाएं लेकर मतदाताओं का समर्थन हासिल करने का प्रयास कर रहे हैं। इसी कड़ी में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के बागबाहरा में पार्टी प्रत्याशी रूपकुमारी चौधरी के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया।

इस बीच, जांजगीर–चांपा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर शिव डहरिया के समर्थन में पार्टी द्वारा एक चुनावी सभा का आयोजन किया गया। इसमें नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत, प्रदेश के पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, विधायक बालेश्वर साहू सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

वहीं, कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गाँधी वाड्रा इक्कीस अप्रैल को कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत बालोद जिले के हथौद में जनसभा को संबोधित करेंगी।

मतदाता जागरूकता–01

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से प्रदेशभर में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसके तहत राजनांदगांव जिले में रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में गए श्रमिकों को मतदान के लिए प्रेरित करने एक मुहिम शुरू की गई है। ऐसे श्रमिक परिवारों को मतदान के दिन वापस बुलाने के लिए वीडियो कॉल किया जा रहा है।

वहीं, रायगढ़ में जिला प्रशासन ने मतदाताओं को प्रेरित करने के लिए 'नेवता तुंहर द्वार' अभियान शुरू किया है। इसके तहत जिले के सभी सातों विकासखंड में ग्रामीण महिलाएं तख्ती और स्लेट में नारा लिखकर लोगों के घर–घर जा रही हैं।

मुंगेली जिले के लोरमी विकासखंड में स्थित सेमरसल गांव में विवाह कार्यक्रम के दौरान मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

उधर, जांजगीर में नैला रेलवे स्टेशन से हाईस्कूल तक महिलाओं ने स्कूटी रैली निकालकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया।

इसी जिले में शिवरीनारायण स्थित त्रिवेणी संगम में दीपदान कर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। यहां बीते पंद्रह दिन में एक लाख से अधिक नागरिकों ने मतदाता संकल्प पत्र भरा है।

सेना भर्ती परीक्षा

भारतीय सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन संयुक्त प्रवेश परीक्षा की तारीखें घोषित कर दी गई हैं। ये परीक्षाएं बाईस, तेईस, चौबीस, पच्चीस, उनतीस और तीस अप्रैल को होंगी। इनके अलावा दो और तीन मई को भी प्रवेश परीक्षा ली जाएगी। इन परीक्षाओं में भारतीय सेना की वेबसाइट पर पंजीयन कराने वाले उम्मीदवार शामिल हो सकेंगे। ये परीक्षाएं तीन पालियों में आयोजित की जाएंगी।

सेना भर्ती कार्यालय के अनुसार इस बार अग्निवीर कार्यालय सहायक के पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों का टायपिंग टेस्ट भी ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों पर ही लिया जाएगा। इन परीक्षाओं के लिए प्रवेश पत्र भारतीय सेना की वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ में रायपुर के अलावा भिलाई, दुर्ग, बिलासपुर और जगदलपुर को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है।

संक्षिप्त समाचार

– बहुजन समाज पार्टी ने प्रदेश के रायपुर, दुर्ग और कोरबा संसदीय क्षेत्रों क`लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। रायपुर से ममता रानी साहू, दुर्ग से दिलीप कुमार रामटेके और कोरबा को दुजराम बौद्ध को प्रत्याशी बनाया गया है।

– रेलवे ने गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त संख्या को देखते हुए पुरी–निजामुद्दीन समर स्पेशल ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। यह ट्रेन बिलासपुर से होकर चलेगी। इसके कुल दस फेरे होंगे। इस ट्रेन में सभी यात्रियों को कन्फर्म सीट की सुविधा दी जाएगी।

– दुर्ग पुलिस ने महादेव ऐप से जुड़े दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ये दोनों, लोगों को कम समय में अधिक पैसा कमाने का लालच देकर उनके नाम से फर्जी सिम के साथ बैंक खाता खोलकर ऑनलाइन सट्टे के जरिये रूपयों का लेनदेन करते थे। इनके पास से अनेक फर्जी सिम कार्ड और चेकबुक बरामद किए गए हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>